Regarding need to ensure compensation to and rehabilitation for people displaced due to NTPC Project in Ambedkarnagar district, Uttar Pradesh- laid

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : एन 0 टी0 पी0 सी0 टाण्डा, जिला-अम्बेडकरनगर, उत्तर प्रदेश मे दीपावली के 5 दिन पूर्व ग्राम-सलहापुर रजौर, हासिमापुर, एवं हुसैनपुर सुधाना के सैकड़ों घरों को जिला प्रशासन के सहयोग से गिरा दिया गया है । उन परिवार के लोगों को बिना मुआवजा दिए हुए और बिना पुनर्स्थापना के घर गिरा दिया गया । आज भी उक्त परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे जीवन बसर करने के लिए मजबूर हो रहे है । अतः उपरोक्त व्यक्तियों के पुनर्स्थापना कराये जाने की मांग करते हुए यह भी अनुरोध है कि पुनर्स्थापना होने तक सी0 आई 0 एस 0 एफ 0 की खाली कोलोनी में जो कि एन 0 टी0 पी0 सी0 की बाउण्ड्रीवाल के बाहर है, उन व्यक्तियों को आवंटित करने की मांग करता हूं ।